प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 31.08.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश को स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने यानी वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के मंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि त्योहारी मौसम में, देशवासियों को स्वदेशी की बात भूलनी नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सौर ऊर्जा किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही है। उन्होंने बिहार के मुजफ्फरपुर की देवकी का जिक्र किया जिन्होंने एक सौर पंप के ज़रिए अपने गांव की तस्वीर बदल दी। श्री मोदी ने बताया कि पहले वहां केवल कुछ ही एकड जमीन में सिंचाई हो पाती थी, लेकिन अब सोलर दीदी के सौर पंप से 40 एकड़ से अधिक में पानी पहुंच रहा है।

****

हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के साथ सांसद कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के हर एपिसोड में नई और प्रेरणादायी बातें होती हैं, जिसका सभी को इंतजार रहता है। प्रधानमंत्री ने अपने 125वें एपिसोड में मॉनसून से हुई तबाही और पुलवामा में आयोजित डे–नाइट क्रिकेट मैच का जिक्र कर बदलते भारत की तस्वीर पेश की। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि यह कार्यक्रम लोगों को सकारात्मक दिशा और प्रेरणा देने वाला है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के रांची स्थित आवास पर आयोजित गणेश पूजन उत्सव में सम्मिलित हुए।इस अवसर पर राज्यपाल ने विघ्नहर्ता श्री गणेश जी का आशीर्वाद प्राप्त किया और राज्यवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

****

दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पर्व पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रांची रेल मंडल से स्पेशल ट्रेनों का परिचालन होगा, इसकी घोषणा कर दी गई है। यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए रेलवे ने इस बार 7 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने का फैसला लिया है। इनमें से तीन ट्रेनों का संचालन शुरू हो चुका है। इन ट्रेनों का संचालन सितंबर से नवंबर 2025 तक विभिन्न गंतव्यों के लिए किया जाएगा। इसमें शामिल सांतरागाछी–अजमेर पूजा स्पेशल वाया रांची 4 अगस्त से चल रही है। 24 नवंबर तक हर सोमवार को सांतरागाछी से और हर गुरुवार को अजमेर से चलेगी। जबकि भुवनेश्वर–धनबाद फेस्टिवल स्पेशल 19 अगस्त से 30 नवंबर तक प्रतिदिन भुवनेश्वर से और 20 अगस्त से 1 दिसंबर तक प्रतिदिन धनबाद से चलेगी।

****

राज्य में पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक वर्षा 13 दशमलव 8 मिलीमीटर धनबाद में दर्ज की गई। वहीं राज्य का सर्वाधिक अधिकतम तापमान 35 दशमलव .9 डिग्री सेल्सियस सरायकेला और न्यूनतम तापमान 21 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस लातेहार में रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों में राज्य में भारी वर्षा की कोई संभावना नहीं है, हालांकि कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। दो से तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस वृद्धि होने की संभावना जताई गई है।

****

गुमला में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय खेल समारोह का समापन हुआ। समापन मौके पर फिट इंडिया मिशन के तहत पैन इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम में नगर भवन से साइकिल रैली निकाली गई। जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने कहा कि यह आयोजन युवाओं को प्रेरित करने का सार्थक प्रयास है।

*******समाप्त********